# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम
## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**11.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

### प्रधानमंत्री–वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीन चन्द्र रामगुलाम ने आज वाराणसी में द्विपक्षीय बातचीत की। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते संबंधों की पुष्टि करते हुए कहा भारत और मॉरिशस दो राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने एक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मॉरिशस दो साझेदार ही नहीं बल्कि एक परिवार भी है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा से मॉरिशस के उपनिवेशवाद के उन्मूलन और उसकी सम्प्रभुता को पूर्ण मान्यता देने का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के बाहर पहला जन औषधि केन्द्र मॉरिशस में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा द्विपक्षीय साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तम्भ है।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया से भेंट की और प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदेश में मॉनसून के दौरान जान–माल को हुए नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरे के दौरान विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

### जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में हुई आपदा के बाद प्रभावितों को राहत पहुंचाने को लेकर गंभीर नहीं है और मॉनसून से पहले भी सरकार ने तैयारियों की कोई समीक्षा नहीं की। चंबा में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि आपदा से प्रदेश में भारी नुकसान हुआ है लेकिन राहत व बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय राज्य सरकार इसके लिए पूर्व भाजपा सरकार को दोषी ठहरा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों की मदद कर रहे हैं और देश के अन्य राज्यों से भी पार्टी ने राहत सामग्री भेजी है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी मौजूद रहे।

### भाजपा– सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी इस महीने की 17 तारीख से देश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सेवा पखवाड़ा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती दो अक्टूबर, तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान

विभिन्न विषयों पर आधारित अनेक कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने सेवा और स्वच्छता जैसे मूलभूत मूल्यों को भारत की राजनीति में आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता के कारण ही भारत अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर हल्की वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने 12 से 15 सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है। इस बीच प्रदेश में भू–स्खलन से चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों के अलावा 5 सौ 82 अन्य सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसी प्रकार 5 सौ 71 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 78 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। राज्य में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में इस मॉनसून सीजन में 3 सौ 80 लोगों की मौत हुई है जबकि 40 लोग लापता है।

## लोकसेवा आयोग

राज्य लोक सेवा आयोग ने 13 सितंबर को सहायक ज़िला न्यायवादी के पदों के लिए प्रस्तावित छंटनी परीक्षा को खराब मौसम को देखते हुए स्थगित कर दिया है। आयोग के सचिव ने बताया कि अब ये परीक्षा 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

.........................................................................................................................................................................